**भारत सरकार**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय**

**खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 262**

**04 फरवरी, 2020 के लिए प्रश्न**

**गेहूं की एफसीआई खरीद**

**262. श्री पी० वेलुसामी:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा सार्वजनिक वितरण हेतु कुल कितने गेहूं की खरीद की गई है;

(ख) जारी की जाने वाली राजसहायता से उत्पन्न सरकार का एफसीआई पर वास्तविक बकाये का ब्यौरा क्या है और इसमें विलम्ब के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार को सरकार की पूंजी बढ़ाने के लिए एफसीआई से कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है, यदि हां, तो अब तक क्या कार्रवाई की गई है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) आज की तारीख के अनुसार एफसीआई की कुल उधारी कितनी है और ऋण पूंजी की राशि कितनी है?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(श्री दानवे रावसाहेब दादाराव)**

**(क):** पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान केन्द्रीय पूल के अन्तर्गत भारतीय खाद्य निगम, राज्य सरकार और इसकी एजेंसियों द्वारा की गई गेहूं की कुल खरीद निम्नानुसार है:

| रबी विपणन मौसम (आरएमएस) | मात्रा (लाख टन में) |
|---|---|
| 2016-17 | 229.61 |
| 2017-18 | 308.24 |
| 2018-19 | 357.95 |
| 2019-20 | 341.32 |

......2/-

**(ख):** दिनांक 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार, भारतीय खाद्य निगम को जारी की जाने वाली देय बकाया सब्सिडी 1,86,171 करोड़ रुपये थी। वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए भारतीय खाद्य निगम के लिए बजट अनुमान 1,51,000 करोड़ रुपये तथा संशोधित अनुमान 75,000 करोड़ रुपये था। वित्त मंत्रालय का अनुमोदन, जब कभी अपेक्षित हो, के अध्यधीन उपलब्ध बजट आवंटन के अनुसार और मासिक व्यय योजना/तिमाही व्यय योजना के अनुसार भारतीय खाद्य निगम को समय से खाद्य सब्सिडी के लिए निधियां जारी की जाती हैं।

**(ग):** बजट भाषण 2018-19 के पैरा 120 द्वारा इक्विटी बढ़ाकर भारतीय खाद्य निगम की पूंजी को पुन:संरचित करने की घोषणा की गई थी। तदनुसार, दिनांक 22.03.2019 (वित्तीय वर्ष 2018-19) को 500 करोड़ रुपये तथा दिनांक 24.01.2020 (वित्तीय वर्ष 2019-20) को 1000 करोड़ रुपये जारी किये गए हैं।

**(घ):** दिनांक 27.01.2020 की स्थिति के अनुसार भारतीय खाद्य निगम की कुल उधारियां तथा पूंजीगत ऋण की राशि निम्नानुसार है:

| विवरण | उधारियों की राशि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|
| नकद ऋण सीमा (सीसीएल) | 6084.12 |
| अल्पावधि ऋण (एसटीएल) | 15,800 |
| राष्ट्रीय लघु बचत निधि (एनएसएसएफ) ऋण | 1,91,000 |
| बांड | 29,000 |
| **कुल** | **2,41,884.12** |

******